दिनांक—28.03.2024 समय—2.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गुना और खजुराहो लोकसभा में चुनाव प्रचार पर है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव चंदेरी विधानसभा के ईसागढ़ में केंद्रीय मंत्री और पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में जनसंवाद और छतरपुर के चंदला में पार्टी प्रत्याशी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री शाम को छतरपुर जिले के ग्राम बसारी में आयोजित बुंदेली उत्सव में शामिल होंगे। कांग्रेस भी प्रचार कार्य में जुटी हुई है पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कल बालाघाट लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार की नामांकन सभा में शामिल हुए और जनता से समर्थन की मांग की।

दूसरा चरण अधिसूचना

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। इस चरण में 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों, केन्द्रशासित प्रदेशों और बाहरी मणिपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष भागों में चुनाव कराया जाएगा। बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के एक भाग में इस चरण में मतदान कराया जाएगा।

पहले चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8-8, मध्य प्रदेश में 7 और असम और बिहार में 5-5 सीटों के लिए मतदान होगा। इसी चरण में पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ की 3-3 सीटों और मणिपुर, त्रिपुरा, और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट के लिए मतदान होगा। नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं और 26 अप्रैल को मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर को छोडकर सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में नामांकन-पत्रों की जांच 5 अप्रैल और जम्मू-कश्मीर में नामांकन-पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जाएगी।

सतना संसदीय क्षेत्र के लिए भी आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट परिसर के कलेक्टर न्यायालय कक्ष में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित की गई है।

भाजपा सदस्यता

भाजपा प्रदेश कार्यालय, भोपाल में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की उपस्थिति में आज पूर्व सासंद रामलखन सिंह, पूर्व विधायक पं. नीलेश अवस्थी व अजय यादव समेत अन्य कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा का कहना है कि इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं संगठन की राष्ट्र और जनसेवा की नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

लोकसभा चुनाव जागरुकता

लोकसभा चुनाव की तारीखे पास आने के साथ मतदाता जागरुकता और अन्य प्रशासनिक तैयारियां जारी है।

सतना में प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया तथा रेडियो के प्रसारण की सतत निगरानी करते हुए अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये विज्ञापन, पेड न्यूज पर जिला स्तरीय एमसीएमसी पैनी नजर रखेगी। कल इस संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का प्रशिक्षण दिया गया।

इस बीच छिंदवाड़ा और पांदुर्णा जिले में 5 सहायक मतदान केन्द्र बनाए जाने और 4 मतदान केन्द्रों में संशोधन किए जाने का अनुमोदन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव के साथ ही सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में आज नगर पालिका अशोकनगर द्वारा शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को 7 मई को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। खंडवा जिले में 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ग्राम राजगढ़, आरूद, पंधाना, गांधवा, पुनासा एवं पुरनी में ग्रामीणजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही जिले में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाया जा रहा है।

<u>जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर

केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे.........और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।